आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 29.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है।
- राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश से तापमान में गिरावट आई। आज से अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने की उम्मीद।
- नए साल पर पर्यटकों की सुविधा के मद्देनजर राज्य सरकार ने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों को चौबीसों घंटे खुले रखने की अनुमति दी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

..........................................................................

बढ़ावा

उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है। इस दिशा में विश्वविद्यालयों को समितियां गठित कर पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया को डिजिटलाइज किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में दून विश्वविद्यालय में हुए सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय नई शिक्षा नीति– 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देंगे।

..........................................................................

दूसरी सूची

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए अपनी दूसरी उम्मीदवार सूची जारी की है। इस सूची में जोशीमठ, विकासनगर और डीडीहाट नगर पालिका के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

गई है। भाजपा ने महिला प्रतिनिधियों को प्राथमिकता दी है। पार्टी का कहना है कि यह उम्मीदवार न केवल पार्टी सिद्धांतों से जुड़े हैं, बल्कि स्थानीय मुद्दों पर भी मजबूत पकड़ रखते हैं।

.........................................................................

चिकित्सा शिविर

एम्स ऋषिकेश और राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान ने मिलकर एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में पाचन,, त्वचा, श्वसन और स्त्री रोगों के विशेषज्ञों ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया और उन्हें सिद्ध औषधीय किट वितरित की। शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेषज्ञों ने रोगियों से समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की।

.........................................................................

निर्बाध विद्युत आपूर्ति

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड– यू०पी०सी०एल ने प्रदेशभर में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने बताया कि प्रदेश के सभी गांवों, शहरों और पर्यटन स्थलों पर बिना किसी शेड्यूल कटौती के नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल के तहत मसूरी, ऋषिकेश, हरिद्वार और अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नए साल पर पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

.........................................................................

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने सोमवार को प्रक्षेपित किये जाने वाले अपने स्पेस डोकिंग एक्सपेरिमेंट–स्पेडेक्स मिशन के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज एक साक्षात्कार में कहा कि वर्ष के अंत में छोडे जाने वाला इसरो का यह मिशन ऐतिहासिक है, क्योंकि इसमें अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोडा जाएगा। डॉ. सिंह ने कहा कि स्पेडेक्स मिशन के साथ भारत अंतरिक्ष में उपग्रह की डोकिंग करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएसएलवी रॉकेट से दो उपग्रहों को छोडा जाएगा।

.........................................................................

कार्रवाई

देहरादून में सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की निगरानी बढ़ाने के लिए नए ठेकेदारों को बुलाए जाने की संभावना जताई जा रही है। अगर मौजूदा ठेकेदार अपने काम में सुधार नहीं करते हैं, तो उनके टेंडर निरस्त कर दिए जाएंगे। जिलाधिकारी सविन बंसल ने यह निर्णय लिया है कि निर्माण कार्यों में मानकों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

.........................................................................

मौसम

उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में शीतलहर जारी रह सकती है, जिससे सर्दी और बढ़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि तापमान सामान्य से 5–6 डिग्री कम हुआ है और अब मौसम के साफ रहने की संभावना है। उधर, चमोली में बारिश और बर्फबारी से छह विकासखंडों के पैंसठ गांव प्रभावित हुए हैं। नीति और माणा घाटी की सड़कों पर आवाजाही बाधित है, और बीआरओ सड़कों को सुचारू करने का प्रयास कर रही है। इस बीच, केदारनाथ में बर्फबारी के कारण ठंड बढ़ गई है और पुनर्निर्माण कार्यों पर असर पड़ा है। ढाई फीट से ज्यादा बर्फ गिर चुकी है, जिससे निर्माण कार्यों में बाधा आ रही है। 60 श्रमिकों के साथ पुनर्निर्माण कार्य जारी है, लेकिन बाकी मजदूर बढ़ती ठंड के कारण सोनप्रयाग लौट गए हैं।

.........................................................................

सुरक्षा

बढ़ती ठंड और शीतलहर की चेतावनी के मद्देनज़र देहरादून में सभी शैक्षणिक संस्थान और आंगनबाड़ी केंद्रों में 4 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी ने बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया है। इस फैसले से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और सभी संबंधित विभागों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

.........................................................................

विशेष प्रबंध

इधर, उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश के बाद पर्यटकों का आना जारी है। राज्य सरकार ने नए साल के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। 31 दिसंबर और पहली जनवरी को पर्यटकों को जश्न मनाने के लिए देर रात तक छूट दी जाएगी। होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे पूरे समय खुले रहेंगे, ताकि पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। राज्य सरकार ने यह कदम पर्यटकों के बढ़ते उत्साह को देखते हुए उठाया है, खासकर जब विभिन्न राज्यों के हिल स्टेशनों की बुकिंग पहले ही भर चुकी है।

.........................................................................

अब एक नज़र समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने तस्वीरों के साथ प्रमुखता से स्थान दिया है। दैनिक जागरण की ख़बर है– बर्फबारी और वर्षा से उत्तराखंड शीतलहर की चपेट में, जनजीवन प्रभावित। सौ से अधिक गांवों के लोग घरों में कैद।

प्रवक्ता भर्ती सेवा नियमावली में संशोधन को कार्मिक की मंजूरी। इस शीर्षक के साथ साथ अमर उजाला की ख़बर है कि अभ्यर्थियों को नहीं देनी होगी स्क्रीनिंग परीक्षा, कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव।

नए साल पर पर्यटकों के लिए उत्तराखंड सरकार ने विशेष प्रबंध किये हैं। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है– होटल–रेस्टोरेंट एक हफ्ते तक चौबीस घंटे खुल सकेंगे। नये साल के लिए राज्य सरकार ने जारी किया आदेश।

शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास को केंद्र से मांगा सात हजार छह सौ तेईस दशमलव चार–दो करोड़ का बजट। इस शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स की ख़बर है– शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात कर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसमें शीशमबाड़ देहरादून, ऋषिकेष और काशीपुर में कूड़ा निस्तार के लिए धनराशि मांगी गई है।

लक्ष्य सेन समेत उत्तराखंड के चार ओलंपियन राष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस ख़बर पर अमर उजाला ने लिखा है कि – रियो ओलंपिक में हिस्सा ले चुके मनीष कोच की भूमिका में रहेंगे।

.........................................................................